# इरेडा और बीवीएफसीएल ने हरित ऊर्जा सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



नई दिल्ली, 30 नवंबर, 2021

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के साथ अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने और फंड जुटाने में अपनी तकनीकी-वित्तीय विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दोनों कंपनियां क्रमशः नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत सार्वजनिक प्रतिष्ठान हैं।

एमओयू पर इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास और बीवीएफसीएल के सीएमडी, डॉ. सिबा प्रसाद मोहंती ने इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, इरेडा के सीएफओ डॉ. आर.सी. शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

समझौता ज्ञापन के तहत, इरेडा द्वारा बीवीएफसीएल के लिए अक्षय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, हरित अमोनिया, ऊर्जा दक्षता और संरक्षण परियोजनाओं के लिए तकनीकी-वित्तीय ड्यू डिलिजेंस का कार्य किया जाएगा । इरेडा अगले 5 वर्षों के लिए अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं का सृजन करने और प्राप्त करने के लिए एक कार्य योजना विकसित करने में बीवीएफसीएल की सहायता करेगा।

इरेडा के सीएमडी ने एमओयू पर हस्ताक्षरित करते हुए कहा कि " हम बीवीएफसीएल के साथ जुड़कर खुश हैं, जोकि वह अब अपने संचालन और मूल्य श्रृंखला से कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि यह सहयोग बीवीएफसीएल जैसे रासायनिक और उर्वरक क्षेत्र की अन्य कंपनियों को कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने और पर्यावरण के अनुकूल होने के लिए प्रेरित करेगा। यह इरेडा के लिए हरित ऊर्जा के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक तरीका है।"

श्री दास ने आगे रेखांकित किया कि "यह समझौता ज्ञापन माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीओपी 26 में की गई प्रतिबद्धता के अनुरूप 2030 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को 45% तक कम करने

के भारत सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योगदान देने में सहायता करेगा । हाल ही में, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने घोषणा की है कि देश की कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता जिसमें हाइड्रो शामिल है, 150 गीगावाट को पार कर गई है और 150 गीगावाट में से, इरेडा ने देश में 19 गीगावाट से अधिक आरई स्थापना का समर्थन किया है"।

बीवीएफसीएल के साथ समझौता ज्ञापन एक वर्ष के अंतर्गत इरेडा द्वारा हस्ताक्षरित पांचवां समझौता है। इससे पहले, इरेडा ने हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अपनी तकनीकी-वित्तीय विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए एसजेवीएन, एनएचपीसी, टैंजेडको और नीपको के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।